आज समाज
रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
राष्ट्रीय संस्करण वर्ष-18 अंक 107, नई दिल्ली, पृष्ठ-12, बुधवार, 17 अप्रैल 2024, विक्रमी संवत 2081, शक संवत-1946 ... www.aajsamaaj.com

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में हुआ अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में जिला प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन क्लब के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस तरह की कार्य शालाओं के आयोजन के पीछे अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता का लक्ष्य यह है कि हमारा विद्यार्थी किसी का जीवन बचाकर किसी के परिवार को बर्बाद होने से बचाकर समाज कल्याण में अपनी भूमिका दर्ज कर सके व पुण्य कमा सकें। इस कार्यशाला के सफल आयोजन का श्रेय कॉलेज के महासचिव दिनेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। एडिशनल रीजनल फायर ऑफिसर (नोडल अधिकारी जिला फरीदाबाद) सत्यवान समरीवाल ने आग के प्रकारों का विवरण दिया। रिटायर्ड फायर सेफ्टी ऑफिसर जगदीश चंद्र गिल ने कहां की अग्निशमन की जानकारी व थोड़ी सी सूझ- बूझ से बड़े- बड़े हादसों को टाला जा सकता है। रमन अत्री (फायर सेफ्टी इंचार्ज) बल्लभगढ़ ने कहा की आग लगने पर हमें घबराना नहीं है और ठंडे दिमाग से सोचकर सही निर्णय लेना होता है। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता बताया कि आग के भय से घबराकर हड़बड़ी में ही हम जान और माल की हानि कर लेते हैं जबकि थोड़ी सी सूझबूझ व शांत दिमाग से कार्य करके हम अपने व अपनों के जीवन को बचाया सकते है। जिला अग्नि शमन टीम के मेंबर्स ने कार्यशाला के अंत में सभी को आग बुझाने के तरीकों का प्रैक्टिकल भी करके दिखाया।कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए टीम के सदस्यों डॉ सारिका, डॉ शोभना गोयल, डॉ देवेंद्र, डॉ. पूजा सैनी , डॉ पूजा, सुभाष, लवकेश और सौरभ गुप्ता का धन्यवाद भी किया।



अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय शिविर में प्रैक्टिकल करके दिखाते हुए। आज समाज

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-13, अंक-106 बुधवार 17 अप्रैल, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

बल्लभगढ़, 16 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में जिला प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन कक्ष के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस तरह की कार्य शालाओं के आयोजन के पीछे अग्रवाल शिक्षा प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता का लक्ष्य यह है कि हमारा विद्यार्थी किसी का जीवन बचाकर किसी के परिवार को बर्बाद होने से बचाकर समाज कल्याण में अपनी भूमिका दर्ज कर सके व पुण्य कमा सकें। एडिशनल रीजनल फायर ऑफिसर सत्यवान समरीवाल ने आग के प्रकारों का विवरण दिया व कहा आग जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन यह कभी कभी जीवन के लिए विनाशकारी भी साबित हो सकती है।

उन्होंने अग्नि व अन्य सभी प्रकार की समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में सभी को बताया' उन्होंने कहा की अग्नि शमन सप्ताह मनाकर जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, के द्वारा लोगों को जागरूक करके हम 1944 में इंग्लैंड के विक्टोरिया डॉकयार्ड पर शहीद हुए 66 अग्नि शमन दल के कर्मियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। रिटायर्ड फायर सेफ्टी ऑफिसर जगदीश चंद्र गिल ने कहां की अग्निशमन की



जानकारी व थोड़ी सी सूझ- बूझ से बड़े- बड़े हादसों को टाला जा सकता है। रमन अरोड़ा बल्लभगढ़ ने कहा की आग लगने पर हमें घबराना नहीं है और ठंडे दिमाग से सोचकर सही निर्णय लेना होता है। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ॰ संजीव गुप्ता जी बताया कि आग के भय से घबराकर हड़बड़ी में ही हम जान और माल की हानि कर लेते हैं जबकि थोड़ी सी सूझबूझ व शांत दिमाग से कार्य करके हम अपने व अपनों के जीवन को बचाया सकते है।

जिला अग्नि शमन टीम के मेंबर्स ने कार्यशाला के अंत में सभी को आग बुझाने के तरीकों का प्रैक्टिकल भी करके दिखाया ' कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ॰ जयपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन में कहां की हमें चंद पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती वायर और स्विच नहीं खरीदने चाहिएं क्योंकि ये जल्दी आग पकड़ लेते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं इसलिए हमें हमेशा आई एस आई वायर व स्विच का ही प्रयोग करना चाहिए।

कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए टीम के सदस्यों डॉ॰ सारिका, डॉ॰ शोभना गोयल , डॉ॰ देवेंद्र, डॉ॰ पूजा सैनी ,श्रीमती पूजा ,श्री सुभाष, श्री लवकेश और श्री सौरभ गुप्ता जी का धन्यवाद भी किया।

गुरुग्राम
बुधवार
17 अप्रैल, 2024
वर्ष 12, अंक 106
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com 08

मां प्रकृति फाउंडेशन ने एक साथ 28 राज्यों में किया पौधारोपण

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हुआ अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो



बल्लभगढ़। मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में जिला प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन क्लब के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य इस तरह की कार्य शालाओं के आयोजन के पीछे अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता का लक्ष्य यह है कि हमारे विद्यार्थी किसी का जीवन बचाकर किसी के परिवार को बर्बाद होने से बचाकर समाज कल्याण में अपनी भूमिका दर्ज कर सके व पुण्य कमा सकें द्य इस कार्यशाला के सफल आयोजन का श्रेय कॉलेज के महासचिव दिनेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन को जाता है द्य एडिशनल रीजनल फायर ऑफिसर (नोडल अधिकारी जिला फरीदाबाद) सत्यवान समरीवाल ने आग के प्रकारों का विवरण दिया व कहा आग जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन यह कभी कभी जीवन के लिए विनाशकारी भी साबित हो सकती है द्य उन्होंने अग्नि व अन्य सभी प्रकार की समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में सभी को बताया द्य उन्होंने कहा की अग्नि शमन सप्ताह मनाकर जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, के द्वारा लोगों को जागरूक करके हम 1944 में इंग्लैंड के विक्टोरिया डॉकयार्ड पर शहीद हुए 66 अग्नि शमन दल के कर्मियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं द्य रिटायर्ड फायर सेफ्टी ऑफिसर श्री जगदीश चंद्र गिल जी ने कहा की अग्निशमन की जानकारी व थोड़ी सी सूझ- बूझ से बड़े- बड़े हादसों को टाला जा सकता है द्य रमन अत्री (फायर सेफ्टी इंचार्ज) बल्लबगढ़ ने कहा की आग लगने पर हमें घबराना नहीं है और ठंडे दिमाग से सोचकर सही निर्णय लेना होता है द्य कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता बताया कि आग के भय से घबराकर हड़बड़ी में ही हम जान और माल की हानि कर लेते हैं जबकि थोड़ी सी सूझबूझ व शांत दिमाग से कार्य करके हम अपने व अपनों के जीवन को बचाया सकते है द्य जिला अग्नि शमन टीम के मेंबर्स ने कार्यशला के अंत में सभी को आग बुझाने के तरीकों का प्रैक्टिकल भी करके दिखाया द्य कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ० जयपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा की हमें चंद पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती वायर और स्विच नहीं खरीदने चाहिएं क्योंकि ये जल्दी आग पकड़ लेते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं इसलिए हमें हमेशा आई एस आई वायर व स्विच का ही प्रयोग करना चाहिए द्य कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए टीम के सदस्यों डॉ० सारिका, डॉ० शोभना गोयल, डॉ० देवेंद्र, डॉ० पूजा सैनी, श्रीमती पूजा, सुभाष, लक्केश और सौरभ गुप्ता का धन्यवाद भी किया।



# मेरा फरीदाबाद

फरीदाबाद, बुधवार, 17 अप्रैल 2024
www.nationalpraharinews.com

नेशनल प्रहरी दैनिक

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हुआ अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में जिला प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन कलब के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज 16 अप्रैल 2024 को किया गया।

इस तरह की कार्य शालाओं के आयोजन के पीछे अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता जी का लक्ष्य यह है कि हमारा विद्यार्थी किसी का जीवन बचाकर किसी के परिवार को बर्बाद होने से बचाकर समाज कल्याण में अपनी भूमिका दर्ज कर सके व पुण्य कमा सके।

इस कार्यशाला के सफल आयोजन का श्रेय कॉलेज के महासचिव श्री दिनेश गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। एडिशनल रीजनल फायर ऑफिसर (नोडल अधिकारी जिला फरीदाबाद) श्री सतवान समरीवाल ने आग के प्रकारों का विवरण दिया व कहा आग जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन यह कभी कभी जीवन के लिए विनाशकारी भी साबित हो सकती है व उन्होंने अग्नि व अन्य सभी प्रकार की समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में सभी को बताया व उन्होंने कहा की अग्नि शमन सप्ताह मनाकर जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, के द्वारा लोगों को जागरूक करके हम 1944 में इंग्लैंड के विक्टोरिया डॉकयार्ड पर शहीद हुए 66 अग्नि शमन दल के कर्मियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते है। रिटायर्ड फायर सेफ्टी ऑफिसर जगदीश चंद्र गिल ने कहा कि अग्निशमन की जानकारी व थोड़ी सी सूझ- बूझ से बड़े- बड़े हादसों को टाला जा सकता है। रमन अत्री (फायर सेफ्टी इंचार्ज) बल्लबगढ़ ने कहा कि आग लगने पर हमें घबराना नहीं है और ठंडे दिमाग से सोचकर सही निर्णय लेना होता है। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 संजीव गुप्ता जी बताया कि आग के भय से घबराकर हड़बड़ी में ही हम जान और माल की हानि कर लेते है जबकि थोड़ी सी सूझबूझ व शांत दिमाग से कार्य करके हम अपने व अपनों के जीवन को बचाया सकते है। जिला अग्नि शमन टीम के मेंबर्स ने कार्यशाला के अंत में सभी को आग बुझाने के तरीकों का प्रैक्टिकल भी करके दिखाया। कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ0 जयपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा की हमें चंद पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती वायर और स्विच नहीं खरीदने चाहिएं क्योंकि ये जल्दी आग पकड़ लेते है और दुर्घटना का कारण बनते है इसलिए हमें हमेशा आई एस आई वायर व स्विच का ही प्रयोग करना चाहिए। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए टीम के सदस्यों डॉ0 सारिका, डॉ0 शोभना गोयल, डॉ0 देवेंद्र, डॉ0 पूजा सैनी, पूजा, सुभाष, लवकेश और सौरभ गुप्ता का धन्यवाद भी किया।

# द्वितीय-दिवस : रामनवमी यज्ञ महोत्सव प्रारंभ, आध्यात्मिक क्रांति के तहत विवेकशील बनने की महत्ता

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

फरीदाबाद। सतयुग दर्शन वसुन्धरा में आयोजित राम नवमी यज्ञ महोत्सव के द्वितीय दिवस श्री सजन जी ने उपस्थित सजनों को विवेकशील बनने का आवाहन देते हुए कहा कि परमात्मा की शक्ति कुदरत द्वारा रचित यह जगत प्रकृतिस्थ गुणों यथा (सतोगुण, रजोगुण व तमोगुण) के कारण गुण-दोषमय है यानि जीवन के हर पक्ष में भले-बुरे तत्त्व समाहित है, जिनमें से एक का चुनाव करने हेतु मानव पूरी तरह से बौद्धिक तौर पर स्वतन्त्र है। यहाँ समझने की बात यह है कि इस चयन के विवेकाधारित होने पर ही मनुष्य के उत्थान-उत्कर्ष का कार्य सिद्ध होता है अन्यथा जीवन रूल जाता है। आशय यह है कि एक विवेकी हंस ही इस गुण-दोषमय प्रकृति में रमण करते समय, सर्वत्र विद्यमान नित्य सार तत्त्व को खोज कर, असार तत्त्व का त्याग करने में सक्षम हो पाता है और असत्य-अधर्म का पतनोन्मुख अविचारयुक्त रास्ता छोड़ सत्य-धर्म के विचारयुक्त विजय पथ पर सहजता से प्रशस्त हो पाता है। श्री सजन जी ने सीधे शब्दों में इसका आशय स्पष्ट करते हुए आगे कहा कि एक विवेकशील इंसान ही यह जान पाता है कि देह सहित स्थूल आँखों से दिखाई देने वाले इस नश्वर जगत अर्थात सृष्टि के तमाम पदार्थों की अनेकता सत्य नहीं है क्योंकि उसकी हकीकत में कोई वास्तविक सत्ता नहीं है, केवल भ्रांति अथवा भ्रम मात्र है। वस्तुतः रूप, रंग, रेखा रहित ब्रह्म ही अप्रत्यक्ष व प्रत्यक्ष रूप से इस जगत का अभिन्न कारण व सार तत्व है और यही उसका वास्तविक ब्रह्म स्वरूप है तथा इसके अतिरिक्त और जो कुछ प्रतीत होता है, वह सब असत्य, असार और मिथ्या है। इस तरह सत-असत के विवेक द्वारा वह मनुष्यता के वाचक यथा संतोष, धैर्य, सच्चाई, धर्म, निष्कामता, परोपकारिता, क्षमा, त्याग, दया, शील, आत्मसंयम, सदाचार, न्याय, अहिंसा आदि सद्गुणों का वरण करता है और पशु वृत्ति यथा आहार, निद्रा, भय और मैथुन आदि करने की इच्छा से ऊपर यथार्थ रूप से मानव कहला पाता है। इस तरह मानवता का उदय तभी होता है जब क्रूर भोगवासना व अभिमान युक्त, स्वार्थपर आदि नकारात्मक एवं हिंसक भावों पर विवेक की विजय होती है या जहाँ मन की सारी क्रियाएं तथा चेष्टाएं विवेक के आधार पर होती है। इस तरह श्री सजन जी ने उपस्थित सजनों को स्पष्ट किया कि जीवन के दो रास्ते है। एक अविचारयुक्त अविवेक का मार्ग है, दूसरा विचारयुक्त विवेक सम्मत मार्ग है। एक सत्य-झूठ की परख किए बगैर ही मनमत अनुसार अपनी धारणा निर्मित कर यानि दुर्बुद्धि बन संसार में फँसने का मार्ग है, दूसरा स्थिर बुद्धि द्वारा संसार से छूटने का मार्ग है। एक कष्टदायक यानि कठिनाईयों व ठोकरों भरा रास्ता है, दूसरा सरलतापूर्ण व सुखदायक विजय पथ है। एक क्रिया कलाप और भूल का मार्ग है जो सीधा नरकों की ओर जाता है और दूसरा स्वतः सिद्ध निज परमात्म स्वरूप के यथार्थ ज्ञान का मार्ग है, जो सीधा परमधाम की ओर जाता है। इस तरह दोनों मार्ग परस्पर जुदा है तथा इनमें से उत्तम विचारयुक्त विवेक सम्मत मार्ग है। स्वतन्त्रता से इस मार्ग का चयन कर, उस पर चलने वाला ही, सत और असत का ठीक और स्पष्ट ज्ञान प्राप्त कर, इस विषयी जगत के नकारात्मक दुष्प्रभावों से विमुक्त रह सकता है और कुदरती वेद शास्त्रों में विदित ब्रह्म विचारों को धारण कर, एक विचारशील न्यायशील व आत्मविश्वासी इंसान की तरह, निष्काम जीवन जीने के योग्य बन, अपने जीवन का हर धर्म-कर्म अकर्ता भाव से सम्पन्न करते हुए, कर्मगति से मुक्त रह सकता है और मानव रूप में अपनी सर्वोत्कृष्टता सिद्ध कर सकता है। श्री सजन जी ने कहा कि आप भी सजनों मानव रूप में अपनी सर्वोत्कृष्टता सिद्ध करने वाले ऐसे ही विजयी इंसान बनो। यही जीवन का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सजनों पुरुषार्थ दिखाओ और जन्म की बाजी जीत जाओ।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हुआ अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में जिला प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन क्लब के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य इस तरह की कार्य शालाओं के आयोजन के पीछे अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता का लक्ष्य यह है कि हमारा विद्यार्थी किसी का जीवन बचाकर किसी के परिवार को बर्बाद होने से बचाकर समाज कल्याण में अपनी भूमिका दर्ज कर सके व पुण्य कमा सकें द्य इस कार्यशाला के सफल आयोजन का श्रेय कॉलेज के महासचिव दिनेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन को जाता है द्य एडिशनल रीजनल फायर ऑफिसर (नोडल अधिकारी जिला फरीदाबाद) सत्यवान समरीवाल ने आग के प्रकारों का विवरण दिया व कहा आग जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन यह कभी कभी जीवन के लिए विनाशकारी भी साबित हो सकती है द्य उन्होंने अग्नि व अन्य सभी प्रकार की समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में सभी को बताया द्य उन्होंने कहा की अग्नि शमन सप्ताह मनाकर जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, के द्वारा लोगों को जागरुक करके हम 1944 में इंग्लेंड के विक्टोरिया डॉकयार्ड पर शहीद हुए 66 अग्नि शमन दल के कर्मियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं द्य रिटायर्ड फायर सेफ्टी ऑफिसर श्री जगदीश चंद्र गिल जी ने कहां की अग्निशमन की जानकारी व थोड़ी सी सूझ- बूझ से बड़े- बड़े हादसों को टाला जा सकता है द्य रमन अत्री (फायर सेफ्टी इंचार्ज) बल्लबगढ़ ने कहा की आग लगने पर हमें घबराना नहीं है और ठंडे दिमाग से सोचकर सही निर्णय लेना होता है द्य कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता बताया कि आग के भय से घबराकर हड़बड़ी में ही हम जान और माल की हानि कर लेते हैं जबकि थोड़ी सी सूझबूझ व शांत दिमाग से कार्य करके हम अपने व अपनों के जीवन को बचाया सकते है द्य जिला अग्नि शमन टीम के मेंबर्स ने कार्यशला के अंत में सभी को आग बुझाने के तरीकों का प्रैक्टिकल भी करके दिखाया।

कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ० जयपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन में कहां की हमें चंद पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती वायर और स्विच नहीं खरीदने चाहिएं क्योंकि ये जल्दी आग पकड़ लेते हैं और दुघर्टना का कारण बनते हैं इसलिए हमें हमेशा आई एस आई वायर व स्विच का ही प्रयोग करना चाहिए द्य कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए टीम के सदस्यों डॉ० सारिका, डॉ० शोभना गोयल, डॉ० देवेंद्र, डॉ० पूजा सैनी, श्रीमती पूजा, सुभाष, लवकेश और सौरभ गुप्ता का धन्यवाद भी किया।

# अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला हुई



**एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़** : शहर के अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को जिला प्रशासन की ओर से अग्निसुरक्षा जागरूकता विषय पर कार्यशाला हुई। अडिशनल रीजनल फायर ऑफिसर सत्यवान समरीवाल ने बताया कि आग व अन्य सभी प्रकार की समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दें। अग्निशमन सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि आग के भय से घबराकर हड़बड़ी में ही हम जानमाल का नुकसान कर लेते हैं। थोड़ी सी सूझबूझ व शांत दिमाग से काम करके हम अपने व अपनों के जीवन को बचा सकते हैं। कार्यशाला के अंत में सभी को आग बुझाने के तरीकों का प्रैक्टिकल भी करके दिखाया।

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान 02

# स्कूल में अग्नि सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

बल्लभगढ़। डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी फरीदाबाद के प्रांगण में मंगलवार को एनटीपीसी फरीदाबाद द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को आग से बचाव के तरीके बताए गए। वहीं, अग्रवाल कॉलेज में भी जिला प्रशासन ने अग्रवाल कॉलेज के आपदा प्रबंधन क्लब के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को अग्नि सुरक्षा की हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा की अग्नि शमन सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। इस दौरान लोगों को जागरुक किया जाता है।